पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
कंपनी सचिवालय

दिनांक: 26.12.2024
सं.:1:05:126(3):I:सीएस

कार्यालय आदेश सं. सीएस/सं.05/आईटीसी/2024-25

विषयः ट्रेडिंग विंडो बंद होने संबंधी

i. 'अप्रकाशित कीमत संवेदनशील जानकारी के निष्पक्ष प्रकटीकरण हेतु पद्धति एवं प्रक्रिया संहिता और पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड की प्रतिभूतियों में ट्रेडिंग के विनियमन, उसकी मॉनीटरिंग और रिपोर्टिंग हेतु आचार संहिता' के खंड 8.0.2 के अनुसार, एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि पीएफसी लिमिटेड के इक्विटी शेयरों एवं सूचीबद्ध ऋण प्रतिभूतियों (कर मुक्त बॉण्डों इत्यादि) में व्यापार करने के लिए ट्रेडिंग विंडो 01.01.2025 से अगले आदेश तक बंद रहेगी।

ii. उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, सभी निर्दिष्ट कार्मिकों एवं उनके निकटतम संबंधियों को एतदद्वारा सलाह दी जाती है कि ट्रेडिंग विंडों की क्लोजर की उपर्युक्त अवधि के दौरान पीएफसी के इक्विटी शेयरों/प्रतिभूतियों का लेनदेन (यानी खरीदना, बेचना या गिरवी रखना आदि) न करें।

इसके अतिरिक्त, दिनांक 05 मार्च, 2021 की हमारी ई-मेल द्वारा यथा अधिसूचित अनुसार, संबंधित विभागाध्यक्षों से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध है कि अपेक्षित अनुपालन के लिए यह अधिसूचना कंपनी के साथ संविदा अथवा न्यासीय/वैश्वासिक संबंध रखने वाले सभी व्यक्तियों जैसे संबंधित प्रभाग के साथ डील करने वाले लेखापरीक्षकों, लेखांकन फर्मों, विधि फर्मों, विश्लेषकों, परामर्शदाताओं इत्यादि तक संप्रेषित हो।

मनीष कुमार

(मनीष कुमार अग्रवाल)
कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी

प्रति:-
सभी संबंधित व्यक्ति ('अप्रकाशित कीमत संवेदनशील जानकारी के निष्पक्ष प्रकटीकरण हेतु पद्धति एवं प्रक्रिया संहिता और पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड की प्रतिभूतियों में ट्रेडिंग के विनियमन, उसकी मॉनीटरिंग और रिपोर्टिंग हेतु आचार संहिता' में यथापरिभाषित) - ई-मेल/कंपनी की वेबसाइट/कंपनी के नोटिस बोर्ड के माध्यम से।

प्रतिलिपि:-

क. *सीएस, पीएफसीसीएल* ख. *सीएस, आरईसी लिमिटेड*	- अपनी-अपनी कंपनियों में संबंधितों को इस कार्यालय आदेश को अधिसूचित करने हेतु